

02

रणजीत सिंह चौटाला का किया भव्य स्वागत

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

रक्तदान महादान: गोपाल शर्मा



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 01 फरवरी 2023 | **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र** | विक्रमी संवत 2079, अमांत-माघ, शुक्ल पक्ष एकादशी, मूल्य, 2.00 रुपए


## निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा



छात्रा का स्वागत करते हुए। आज समाज

**बल्लभगढ़।** 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी अवसर के उपलक्ष्य में व मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में जिला निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा आंचल तंवर (एमए हिंदी फाइनल) को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

छात्रा का महाविद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी को इसी प्रकार प्रेरित होकर देश की सेवा व देश में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संबोधन दिया। आंचल को यह पुरस्कार जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा मिला। साथ ही छात्रा को 700 रुपए की नगद राशि भी पुरस्कार के रूप में मिली। इस अवसर पर डा. जयपाल , मनमोहन सिंगला , सुश्री उदिता कुण्डू आदि सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी।